आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अख़बार

दैनिक भास्कर

राजस्थान

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, शनिवार, 1 अक्टूबर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष-6, 2079

शेखावाटी भास्कर

दैनिक भास्कर | झुंझुनूं जिला

सीरी वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल को मिला आईईटीई का प्रतिष्ठित पुरस्कार

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

सीएसआईआर-सीरी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल को द इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलिकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आईईटीई) द्वारा आईईटीई-सीईओटी (94) अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए डॉ. सुचंदन पाल का चयन आप्टोइलेक्ट्रॉनिक मैटीरियल्स, डिवाइसेज एवं प्रौद्योगिकी विकास के लिए विशेष रूप से ऑप्टिकल फाइबर/वेवगाइड ग्रेटिंग्स, इंटीग्रेटेड – ऑप्टिक एवं नैनो फोटॉनिक आप्टो इलेक्ट्रॉनिक मैटीरियल्स, डिवाइसेज एवं गैलियम नाइट्राइड आधारित नीली, सफेद और यूवी- एलईडी के शोध एवं विकास के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. पाल को यह सम्मान आईईटीई के 65वें वार्षिक अधिवेशन में प्रदान किया गया है। डॉ. सुचंदन पाल वर्तमान में संस्थान में मुख्य वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत है तथा सीएसआईआर-सीरी के शोध समूह 'सेमिकंडक्टर सेंसर्स एंड माइक्रोसिस्टम्स' के समूह प्रमुख हैं। डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी सहित संस्थान के सभी सहकर्मियों ने इस उपलब्धि के लिए डॉ सुचंदन पाल को बधाई दी है।